*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक
**भारतीय बस्ती**

बस्ती 11 सितम्बर 2024 बुधवार


## सम्पादकीय

# मणिपुर के सुलगते सवाल


मणिपुर में भड़की हिंसा को एक साल से अधिक समय होने के बावजूद संकट के समाधान के गंभीर प्रयास होते नजर नहीं आ रहे हैं। राज्य सरकार के लगातार किए जा रहे दावे के बावजूद हिंसा थम नहीं रही है। आखिर कैसे कोई राज्य सरकार अपने नागरिकों के बीच लगातार जारी हिंसा, विस्थापन तथा सामान्य जीवन पर उपजे संकट के बावजूद निष्क्रिय नजर आती है। यह स्थिति डबल इंजन सरकार की तार्किकता को खारिज करती है। सबसे चिंता की बात यह है कि दोनों समुदायों के बीच संघर्ष का लाभ उग्रवादी तत्व उठाते नजर आ रहे हैं। उससे ज्यादा चिंताजनक यह कि वे अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल कर रहे हैं। हालात पर सरकार की कमजोर पकड़ के चलते म्यांमार सीमा में आवाजाही करने वाले चरमपंथी संगठनों को मणिपुर में अपना आधार मजबूत करने का मौका मिला है। जिन पर राज्य सरकार का हिंसा पर रोक लगाने के दावे का कोई असर होता नजर नहीं आता। तभी राष्ट्रविरोधी व चरमपंथी संगठनों को मजबूत आधार मिलने लगा है। दरअसल, जिन इलाकों में ज्यादा हिंसा हो रही है, वहां केंद्रीय सुरक्षा बलों की उपस्थिति को बढ़ाया जाना चाहिए था। यह बेहद चिंताजनक बात है कि चरमपंथी ड्रोन के जरिये बम व राकेटों से हमले कर रहे हैं। निस्संदेह, मणिपुर की हिंसा का देश–दुनिया में कोई अच्छा संदेश नहीं जा रहा है। ऐसे में राज्य सरकार राजधर्म का पालन करते नहीं दिखती। जिससे उसकी नीति–नीयत पर सवाल उठना लाजिमी है। दरअसल, सवाल केंद्र सरकार की कारगुजारियों को लेकर भी उठ रहे हैं। सवाल पूछे जा रहे हैं कि जब मौजूदा मुख्यमंत्री हिंसा शुरू हुए सवा साल बीत जाने के बाद भी हालात पर काबू नहीं कर पा रहे हैं तो केंद्र ने उनकी जगह सक्षम व्यक्ति को मौका क्यों नहीं दिया? अपने राजनीतिक व रणनीतिक उद्देश्यों के लिये भाजपा ने विगत में कई राज्यों में नेतृत्व परिवर्तन भी किये हैं।

दरअसल, मणिपुर के मुद्दे पर विपक्ष भी लगातार केंद्र सरकार, खासकर प्रधानमंत्री पर हमलावर रहा है। सड़क से लेकर संसद तक प्रधानमंत्री के मणिपुर न जाने के मामले में सवाल उठाए जाते रहे हैं। कहा गया कि प्रधानमंत्री रूस व यूक्रेन के बीच जंग खत्म करने के लिये तो प्रयासरत रहे हैं, लेकिन अपने देश में मणिपुर समस्या के समाधान के प्रति उदासीन नजर आते रहे हैं। मणिपुर के मुद्दे पर उदासीनता तथा निष्क्रियता से उग्रवादियों को जड़ें जमाने का मौका मिल रहा है। जो कालांतर देश के लिये भी घातक साबित हो सकता है, क्योंकि ये हिंसा पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों में भी असर दिखा सकती है। यही वजह है कि हाल की हिंसा के बाद मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने राज्य की क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए केंद्र सरकार से कदम उठाने की मांग की है। इतना ही नहीं, उन्होंने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों सहित एकीकृत कमान का प्रभार राज्य सरकार को सौंपने की बात भी कही है। निश्चित रूप से मैतई व कुकी समुदायों में जारी संघर्ष को समाप्त करने के लिये बातचीत शुरू करने की जरूरत है। सवाल उठे हैं कि राज्य में लोकसभा चुनाव में पार्टी की शिकस्त के बावजूद नेतृत्व परिवर्तन पर विचार क्यों नहीं किया गया? आखिर केंद्र व राज्य सरकार ने लंबे समय से स्थितियों को यूं ही क्यों चलने दिया? सवाल उठाये जाते हैं कि प्रधानमंत्री ने मणिपुर जाने का निर्णय क्यों नहीं लिया? मुख्यमंत्री बीरेन सिंह की दलील रही है कि प्रधानमंत्री ने गृहमंत्री को राज्य में भेजा और अपनी चिंता का उल्लेख स्वतंत्रता दिवस के भाषण में किया था। निश्चित रूप से ऐसी कोशिशें मणिपुर की हिंसा को खत्म करने में मददगार साबित नहीं हुई हैं। खासकर पिछले दिनों चरमपंथियों द्वारा बमबारी के लिये ड्रोन व राकेट के इस्तेमाल ने सुरक्षा बलों की चिंता को बढ़ाया है। निश्चित रूप से हिंसा पर अंकुश लगाने व कानून का शासन बहाल करने के लिये केंद्र व राज्य को अपनी रणनीति में बदलाव करना चाहिए। साथ ही संघर्षरत पक्षों को बातचीत की मेज पर लाने की भी कोशिश नये सिरे से होनी चाहिए। निस्संदेह, मणिपुर की रक्षा के लिये प्रधानमंत्री का सीधा हस्तक्षेप अपरिहार्य ही है।

# स्वदेशी एआई को मजबूत बनाने की जरूरत



—मुकुल व्यास—



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इंसानी बुद्धिमत्ता का पूरक बन कर लोगों के जीने और काम करने के तरीकों को बेहतर बनाने के अवसर प्रदान करती है। अपने व्यापक अनुप्रयोगों के साथ, एआई और मशीन लर्निंग हमारे जीवन के लगभग सभी तकनीकी पहलुओं में मौजूद हैं। वृहद स्तर पर देखें तो एआई और मशीन लर्निंग ने कृषि, खुदरा, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा सहित कई क्षेत्रों पर व्यापक प्रभाव डाला है। आज पूरी दुनिया में एआई हावी है। इस क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास को देखते हुए भविष्य भी एआई का ही होगा। भारत को इस क्षेत्र की अपार क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाने के लिए अभी बहुत कुछ करना है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की असीम संभावनाओं, हजारों एआई स्टार्टअप्स और देश में प्रौद्योगिकी प्रतिभाओं के विशाल भंडार को लेकर तमाम उत्साह के बावजूद,भारत एआई अनुसंधान में अमेरिका और चीन से बहुत पीछे है। अग्रणी शिक्षाविद इसके लिए फंडिंग की कमी और शोध के लिए बुनियादी ढांचे को जिम्मेदार ठहराते हैं। एआई एक्सेलेरेटर और इकोसिस्टम बिल्डर चेंज इंजन द्वारा किए एक अध्ययन के अनुसार दुनिया के शीर्ष 10 एआई सम्मेलनों में पेपर योगदान के मामले में देश एआई अनुसंधान में 14वें स्थान पर है, जिसकी वैश्विक हिस्सेदारी सिर्फ 1.4 प्रतिशत है।

अध्ययन के अनुसार, अमेरिका और चीन क्रमशः 30.4 प्रतिशत और 22.8 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ एआई अनुसंधान पर हावी हैं। अध्ययन में यह भी कहा गया है कि भारत को पांच साल में 5 प्रतिशत वैश्विक हिस्सेदारी पाने और विश्व स्तरीय नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए एआई अनुसंधान को कम से कम 40 प्रतिशत प्रति वर्ष बढ़ाने की आवश्यकता है। अध्ययन में यह भी पता चला है कि भारत की एआई वृद्धि दर 15.5 प्रतिशत है, जो एशियाई टाइगर इकॉनमी वाले देशों में देखी गई 20 प्रतिशत प्लस वृद्धि दर से काफी कम है। संयुक्त राज्य अमेरिका की वृद्धि दर अग्रणी देशों में सबसे कम है, जिसका मुख्य कारण इसका पहले से ही पर्याप्त योगदान आकार है। चीन 29.5 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि का दावा करता है, हांगकांग 23.6 प्रतिशत हासिल करता है जबकि दक्षिण कोरिया 29.3 प्रतिशत का प्रभावशाली प्रदर्शन करता है।

दरअसल, अध्ययन से एआई सम्मेलनों में भारत के विभिन्न संस्थानों द्वारा किए गए योगदान का भी पता चलता है। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (आईआईएससी), बेंगलुरू और आईआईटी मुंबई कुल भारतीय योगदान का क्रमशः 15.6 प्रतिशत और 10.3 प्रतिशत योगदान देकर सबसे आगे हैं। 2018 से 2023 तक इन सम्मेलनों में भारत के एआई योगदान के 70 प्रतिशत के लिए आठ संस्थान जिम्मेदार हैं। इनमें आईआईएससी के अलावा सात आईआईटी शामिल हैं। रिपोर्ट में इन संसाधनों को एआई लीडर्स बताया गया है।

इसके अतिरिक्त, रिपोर्ट में 'एआई राइजिंग स्टार्स' के एक समूह की पहचान की गई है, जिनकी वृद्धि दर पिछले दशक में 15 प्रतिशत से अधिक हो गई है और अगले पांच वर्षों में उनके द्वारा उल्लेखनीय रूप से योगदान दिए जाने की उम्मीद है। ये उभरते संस्थान हैं आईआईटी हैदराबाद, आईआईटी जोधपुर, डीटीयू, आईएसआई कोलकाता, आईआईटी रुड़की और आईआईटी पटना।

अध्ययन में एआई के क्षेत्र में ज्ञान साझा करने के लिए शीर्ष 20 भारतीय संस्थानों और अमेरिका, यूरोप और दक्षिण पूर्व एशिया के विश्वविद्यालयों के बीच संयुक्त पीएचडी कार्यक्रमों के निर्माण की वकालत की गई है। आईआईटी कानपुर के न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी के साथ मौजूदा सफल कार्यक्रम को ऐसी पहलों के लिए एक मॉडल के रूप में उजागर किया गया है।

बिट्स पिलानी के कुलपति वी. रामगोपाल राव का कहना है कि अमेरिका और चीन जैसे देशों ने उच्च शिक्षा और बड़े संस्थानों में भारी निवेश किया है। बिट्स पिलानी, एआई शोध में देश के शीर्ष 20 स्कूलों में एकमात्र निजी संस्थान है। उन्होंने कहा कि चीन अकेले पेकिंग और सिंघुआ विश्वविद्यालयों पर जो खर्च करता है, वह भारतीय शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा बजट के बराबर है। इसलिए कुछ विश्वविद्यालय होने चाहिए जिन्हें प्राथमिकता दी जाए और फिर आप वहां क्षमता का निर्माण करें। यह बिल्कुल वैसा ही है जैसा चीन ने किया।

राव ने उच्च शिक्षा पर अधिक ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, भारत में प्रति दस लाख लोगों पर 255 शोधकर्ता हैं, जबकि अमेरिका जैसे देशों में 4,245 है। उन्होंने कहा, जीडीपी के प्रतिशत के रूप में, भारत में उच्च शिक्षा में निवेश कम हो रहा है। चेंज इंजिन के संस्थापक वरुण अग्रवाल ने कहा कि बुनियादी एआई शोध में क्षमता एआई अनुप्रयोगों और प्रसार के अलावा भारत के दीर्घकालिक नेतृत्व के लिए महत्वपूर्ण है। हमें अगले 5 वर्षों में 5 प्रतिशत वैश्विक हिस्सेदारी प्राप्त करने के लिए कम से कम 4 प्रतिशत की वृद्धि दर की आवश्यकता है। इसका भारतीय नवाचार पर उत्प्रेरक प्रभाव पड़ेगा।

एक अच्छी बात यह है कि भारत सरकार ने आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस मिशन के लिए 10372 करोड़ मंजूर किए हैं। यह धनराशि अगले पांच वर्षों के दौरान खर्च की जाएगी। सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्रालय को उच्च प्रदर्शन वाले ग्राफिक प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) की खरीद सहित एआई के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए केंद्रीय बजट 2024–25 में 551.75 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि मिशन के लिए आवंटित राशि का सदुपयोग भारत में एक मजबूत एआई कम्प्यूटिंग बुनियादी ढांचा निर्मित करने के लिए किया जाएगा। नीति आयोग के अनुसार, 2035 तक, एआई में भारत की अर्थव्यवस्था में 1 ट्रिलियन डॉलर जोड़ने की क्षमता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन उन प्रयासों पर केंद्रित है, जो स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, कृषि, स्मार्ट शहरों और स्मार्ट मोबिलिटी और परिवहन सहित बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में सामाजिक जरूरतों को पूरा करने में भारत को लाभान्वित करेंगे।

दरअसल, यह मिशन राष्ट्रीय स्तर पर कोर अनुसंधान क्षमता विकसित करने पर व्यापक शिक्षा–उद्योग बातचीत के साथ काम करेगा। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय सहयोग भी शामिल होंगे। यह नए ज्ञान के निर्माण और अनुप्रयोगों को विकसित करने और तैनात करने के माध्यम से प्रौद्योगिकी सीमाओं को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। सरकार का मुख्य जोर डेटा की गुणवत्ता को बढ़ाना और स्वदेशी एआई तकनीक को विकसित करने पर होना चाहिए। साथ ही शीर्ष प्रतिभाओं को आकर्षित करना और प्रभावशाली एआई स्टार्टअप को प्रोत्साहन देना भी आवश्यक होगा। इस दिशा में समग्र प्रयासों से ही भारत आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में दुनिया के तकनीकी रूप से उन्नत देशों को टक्कर दे पाएगा।

लेखक विज्ञान मामलों के जानकार हैं।

# नजरिया बदलने से रूकेंगे अपराध

—क्षमा शर्मा—



कई बार बहुत सी चीजें चकित करती हैं। पिछले कुछ सालों से सिम्बोलिज्म या प्रतीकात्मकता बढ़ती ही जा रही है। हाल ही में बंगाल में एक युवा डाक्टर के साथ जिस तरह से दुष्कर्म किया गया और उसकी हत्या कर दी गई, उसने पूरे देश को उद्वेलित किया। हाथरस कांड और निर्भया के वक्त भी ऐसा ही हुआ था। बंगाल में उस अभागी लड़की को अभया कह कर पुकारा जाने लगा। आप कह सकते हैं कि चूंकि दुष्कर्म पीड़िता का नाम जग जाहिर करना कानूनी अपराध है , ऐसा इसलिए किया गया। फिर वहां जो नया दुष्कर्म कानून आया उसे भी अपराजिता कह कर पुकारा गया। एक लड़की अभया हो सकती है , निर्भया हो सकती है, यानी कि उसे किसी से डर नहीं लगता।

वह अपराजिता भी हो सकती है कि किसी से पराजित न हो। मगर लड़कियों के जीवन में इस तरह के सांकेतिक नाम रखने से क्या बदलता है। क्या उनके प्रति अपराध होने से रुक जाते हैं। निर्भया का मामला 2012 में हुआ था। कहा गया था कि दुष्कर्म के खिलाफ ऐसा कठोर कानून बनाया जाए, जिससे कि अपराधी ऐसा करने की हिम्मत न कर सकें लेकिन क्या ऐसा हो सका। क्या कठोर कानून के बावजूद बलात्कार के मामलों में कमी आई। एन.सी. आर.बी. के आंकड़ों को देखें तो लगता है, ऐसा बिल्कुल नहीं हुआ। 2021 यानी कि निर्भया मामले के 9 साल बाद, दिल्ली में सबसे अधिक दुष्कर्म हुए जिनकी संख्या 1221 थी। राज्यों में राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश का नम्बर था। 2021 में ही जयपुर में देश में सबसे अधिक दुष्कर्म हुए थे और कोलकाता में सबसे कम। लेकिन पिछले दिनों कोलकाता के मामले ने ही सबको परेशान कर दिया। ऐसा क्यों है कि एक ओर लड़कियों को पूजते हैं, मातृ–शक्ति को सबसे बड़ा मानते हैं और दूसरी तरफ मौका मिलते ही उनके प्रति किसी भी कुकृत्य को करने से बाज नहीं आते।

यहां तक कि नजदीकी रिश्तेदार तक ऐसा करते हैं। बहुत पहले केरल में एक रिपोर्ट आई थी जिसमें बताया गया था कि बहुत से नजदीकी रिश्तेदार अपनी रिश्तेदार उम्रदराज महिलाओं को भी नहीं बख्शते। सुनने में यह भयावह लगता है कि हमारी बुजुर्ग नानी–दादियां भी इस तरह


**हद तो यह है कि छोटे बच्चे भी इस तरह के अपराधों में शामिल पाए जाते हैं। हम समझते हैं कि लड़कियों और महिलाओं के प्रति अपराध बाहर वाले ही करते हैं, मगर हमेशा ऐसा सच नहीं है। बचपन में जब घर की बुजुर्ग महिलाएं कहती थीं कि घर के पुरुषों के सामने दुपट्टा ओढ़कर जाओ, तो बहुत बुरा लगता था, लेकिन आज समझ में आता है कि वे ऐसा क्यों कहती थीं। वे उन वृतियों को पहचानती थीं, जिनसे अपराध जन्म लेते हैं। लेकिन यह भी सच है कि किसी ने कैसे कपड़े पहने हैं , यह देखकर लोग उसके प्रति अपराध करने को प्रेरित हों। लगता तो यह है कि लड़कियां और स्त्रियां कैसे भी कपड़े पहनें , वे घर से बाहर रहें या अंदर, वे हमेशा अपराधों की जद में होती हैं और यह सिर्फ हिन्दुस्तान की बात नहीं है। वे देश जो महिला सुरक्षा और महिलाओं की बराबरी को लेकर दूसरे देशों को बहुत ज्ञान बांटते रहते हैं, वहां की आबादी और दुष्कर्म के मामले देखिए, तो वे बहुत बड़ी संख्या में नजर आते हैं।**

के अपराधों का शिकार हों। इस रिपोर्ट को जानकर उस समय के केरल के मुख्यमंत्री भी विचलित हो उठे थे। हाल ही में एक खबर ने परेशान किया था कि राजस्थान में गांव में रहने वाले एक मां–बेटे शादी से लौट रहे थे। बेटे ने खूब शराब पी रखी थी। एक सुनसान जगह देखकर बेटे ने मां के साथ दुष्कर्म जैसे अपराध को अंजाम दिया। मां अपने मां होने की दुहाई देती रही, लेकिन वह न माना। नशा उतरने के बाद उसने खुद अपराध स्वीकार किया। शराब के बारे में यों ही नहीं कहा जाता कि उसे पीने के बाद लोग होश खो बैठते हैं। लेकिन जरूरी नहीं कि शराब पीने के बाद ही ऐसे अपराध किए जाते हों।

हद तो यह है कि छोटे बच्चे भी इस तरह के अपराधों में शामिल पाए जाते हैं। हम समझते हैं कि लड़कियों और महिलाओं के प्रति अपराध बाहर वाले ही करते हैं, मगर हमेशा ऐसा सच नहीं है। बचपन में जब घर की बुजुर्ग महिलाएं कहती थीं कि घर के पुरुषों के सामने दुपट्टा ओढ़कर जाओ, तो बहुत बुरा लगता था, लेकिन आज समझ में आता है कि वे ऐसा क्यों कहती थीं। वे उन वृत्तियों को पहचानती थीं, जिनसे अपराध जन्म लेते हैं। लेकिन यह भी सच है कि किसी ने कैसे कपड़े पहने हैं , यह देखकर लोग उसके प्रति अपराध करने को प्रेरित हों। लगता तो यह है कि लड़कियां और स्त्रियां कैसे भी कपड़े पहनें , वे घर से बाहर रहें या अंदर, वे हमेशा अपराधों की जद में होती हैं और यह सिर्फ हिन्दुस्तान की बात नहीं है। वे देश जो महिला सुरक्षा और महिलाओं की बराबरी को लेकर दूसरे देशों को बहुत ज्ञान बांटते रहते हैं, वहां की आबादी और दुष्कर्म के मामले देखिए, तो वे बहुत बड़ी संख्या में नजर आते हैं।

सोचने की बात यही है कि आखिर ऐसा कैसे हो कि महिलाएं अपने घरों में और बाहर सुरक्षित रह सकें। जहां वे काम करती हैं, वहां तो सुरक्षा और भी जरूरी है। कोलकाता की डाक्टर के साथ अपराध उसी अस्पताल में हुआ, जहां वह काम करती थी। आप लाख कानून बना लीजिए, कठोर से कठोर दंड दे दीजिए, लेकिन अपराध नहीं रुकते। निर्भया के प्रति जिन लड़कों ने अपराध किया था, उन्हें फांसी दी ही गई थी। लेकिन सवाल औरतों के प्रति हमारे नजरिए का है। जब तक औरत होने का मतलब किसी से कमजोर होना है, उसके शरीर मात्र को देखकर हमलावर होना है और किसी तरह का पछतावा भी न हो, तो सारे कानून और सारा हो–हल्ला व्यर्थ सा लगता है। किसी पीड़िता का नाम अभया रख लीजिए, निर्भया रख लीजिए, अपराजिता पुकारिए लेकिन अगर सोच न बदले, औरतों के प्रति वह दृष्टिकोण न बदले, तो कानून किसी काम के नहीं हैं। वे एक मनोवैज्ञानिक सहारा तो दे सकते हैं, लेकिन यह भी तो सच है कि अधिकांश गरीब, साधनहीन स्त्रियों की पहुंच उन तक नहीं होती। औरतों के प्रति नजरिया बदलने पर ही उनके प्रति अपराध रुक सकते हैं।

# स्कूली छात्र और मोबाइल का खतरा



—डा. वरिन्द्र भाटिया—

तरो ताजा खबरों से विदित हो रहा है कि फ्रांस में करीब 200 माध्यमिक स्कूलों (कक्षा 6 से 8) ने क्लास में स्मार्टफोन लाने पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। इसे डिजिटल ब्रेक का नाम दिया गया है। फिलहाल यह अभियान परीक्षण के चरण में है। यह फैसला मोबाइल और इलैक्ट्रॉनिक उपकरणों पर किशोरों का स्क्रीन टाइम (स्क्रीन देखने का समय) घटाने और उन्हें ऑनलाइन शोषण और साइबरबुङ्क्षलग से बचाने के लिए लिया गया है। अगर यह परीक्षण कामयाब होता है, तो 2025 तक इसे फ्रांस के सभी स्कूलों में लागू किया जा सकता है।

मोबाइल या सैलफोन आजकल हर व्यक्ति के जीवन में आधुनिक दूरसंचार का एक अभिन्न अंग बन गए हैं। कई देशों में, आधी से ज़्यादा आबादी मोबाइल फोन का इस्तेमाल करती है और मोबाइल फोन का बाजार तेजी से बढ़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, सऊदी अरब खाड़ी क्षेत्र के देशों में सबसे ज्यादा मोबाइल उपयोगकर्त्ताओं के साथ पहले स्थान पर है। खाड़ी देशों में ओमान दूसरे स्थान पर है, उसके बाद कुवैत और यू.ए.ई. हैं। चूंकि दुनिया भर में अरबों लोग मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हैं, इसलिए स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभावों की घटनाओं में थोड़ी–सी भी वृद्धि दीर्घकालिक आधार पर बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रभाव डाल सकती है।

फ्रांस में शुरू किए जा रहे नए प्रयोग के अनुसार किशोर सुबह स्कूल आने पर अपना मोबाइल शिक्षकों को सौंप देते हैं। वे जब तक स्कूल में रहते हैं, उनके मोबाइल फोन बेहद सुरक्षित ब्रीफकेस में रखे जाते हैं। इसके लिए संबंधित स्कूलों ने खुद ही फंड इकट्ठा करके ब्रीफकेस जैसे स्टोरेज उपकरण खरीदे हैं। कई विशेषज्ञ आगाह करते हैं कि किशोरों और बच्चों में स्मार्टफोन का बढ़ता चलन और सोशल मीडिया के प्रति रुझान, लत की हद तक बढ़ता जा रहा है। यह सेहत के लिए बड़े खतरे की तरह देखा जा रहा है। अपने देश में भी छात्रों द्वारा मोबाइल का अनियमित उपयोग उफान पर है। शिक्षा से जड़े अनेक लोग इस बिंदू पर हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। छात्रों की मानसिक हैल्थ को बेहतर बनाने के लिए व्यवस्था से भी इस बिंदू पर सख्त गाइडलाइंस का इंतजार है। यह काम किसको करना होगा?

हमारे यहां तो मां–बाप 3 साल के बच्चे के हाथ में मोबाइल पकड़ा देते हैं ताकि बच्चा उनको बेवजह परेशान न करे। बच्चा मोबाइल पर कार्टून देखता रहे , चाहे मानसिक विकृति का शिकार हो जाए। हम समझ लें कि कम उम्र के बच्चों और छात्रों में सैलफोन से मस्तिष्क कैंसर होने का जोखिम वयस्कों की तुलना में अधिक होता है। उनका तंत्रिका तंत्र अभी भी विकसित हो रहा होता है और इसलिए कैंसर पैदा करने वाले कारकों के प्रति अधिक संवेदनशील है। क्या हमें इस ङ्क्षबदू को नजरअंदाज करना चाहिए?

क्यों न हम बच्चों, छात्रों और खुद भी मोबाइल और डिजिटल तकनीकों से दूर रहें। क्या छात्रों को मोबाइल गेम्स की बजाय बिना मोबाइल की गेम्स खेलने के लिए प्रोत्साहित करना बेहतर नहीं होगा? ऐसा न करने के कारण भी देसी खेलें विलुप्त होती जा रही हैं। कुल मिलाकर सिर्फ छात्र ही नहीं, हम सबके लिए, मोबाइल का संयमित प्रयोग करना हमारी लाइफ को मानसिक शांति से परिपूर्ण कर सकता है।

